कुलपति ने परीक्षा केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण

- यूटीयू की सेमेस्टर परीक्षाएं शुरू, पहले दिन आठ नकलची पकड़े

देहरादून (एसएनबी)। वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्याल की विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं मंगलवार से शुरू हो गई है। परीक्षा केन्द्र के पहले दिन ही दो कालेजों में आठ नकलची पकड़े गये।

मंगलवार को विवि के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने जेबीआईटी समेत देहरादून क्षेत्र के दो संस्थानों में जाकर औचक निरीक्षण किया। साथ ही परीक्षाओं के संचालन से जुड़ी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने परीक्षा केन्द्रों में बारीकियों को परखते हुए केन्द्र अधीक्षकों व विश्वविद्यालय पर्यवेक्षकों को पारदर्शिता के साथ परीक्षा कराने के निर्देश दिये। विवि की सेमेस्टर परीक्षाओं के पहले दिन बीएसएम इंजीनियरिंग कॉलेज रुड़की में सात और फोनिक्स कालेज के एक परीक्षार्थी को उड़नदस्ते की टीम ने नकल करते हुए पकड़ा है।

परीक्षा केन्द्र का जायजा लेते कुलपति प्रो. ओंकार सिंह।

कुलपति ने कहा कि परीक्षा केन्द्रों के अधीक्षकों, पर्यवेक्षकों, संबंधित संस्थान के निदेशकों और विवि के परीक्षा नियंत्रक को नकल विहीन परीक्षा के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। परीक्षाओं के सफल संचालन व निगरानी के लिए उड़नदस्ते की टीमें गठित की गयी हैं।